जुलाई,2023 / भाग-1 /अंक 07

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# मासिक पत्रिका



# विषय वस्तु

1. गुजरात शिल्प परिषद का निफ्ट दौरा..........................................02

2. G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन.......................................03

3. निफ्ट और ईडीआईआई के बीच सहकार्यता.......................................07

4. केंद्र शासित प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ बैठक..................................08

5. उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम)-2023...........................09

6. हिंदी कार्यशाला का आयोजन.......................................................11

# गुजरात शिल्प परिषद का निफ्ट दौरा

3 जुलाई 2023 को निफ्ट गांधीनगर में गुजरात शिल्प परिषद के अध्यक्ष सुश्री शिल्पा पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया । निदेशक प्रोफेसर डॉ. समीर सूद और संकाय सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय शिल्प कारीगरों को सशक्त बनाने,बाजार में उनके उल्लेखनीय कौशल को बढ़ावा देने, फैशन और डिजाइन में शिल्प कौशल के एकीकरण आदि पर चर्चा हुई| इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गुजरात के कारीगरों और शिल्प के विकास के लिए नए रास्ते खोलने के संभावित अवसरों का पता लगाना था ।









# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

भारत के G20 अध्यक्षता के तहत निफ्ट गांधीनगर को 16 जुलाई 2023 को वित्त मंत्रियों के बैठक के हिस्से के रूप में भारत के पहले भव्य फैशन शो 'वाशुधजन' आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ यह भव्य फैशन शो गारवी गुर्जरी और इंडेक्स बी द्वारा प्रायोजित तथा निफ्ट गांधीनगर द्वारा क्यूरेट किया गया था जिसमें समृद्ध शिल्प व विविध संस्कृतियों की झलक दिखाने वाले प्राचीन 'पंचतत्व' ज्ञान पर प्रकाश डाला गया ।













# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

भारतीय वस्त्रों के चटक रंग व बनावट को पांच अनुक्रमों वायु, जल, नभ, धारा और शुचि के रूप में प्रस्तुति किया गया । इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य राजधानी गांधीनगर में G20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले विश्व नेताओं के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत फैशन उद्योग को प्रदर्शित करना था ।













# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

मंत्रमुग्ध कर देने वाले यह  भव्य प्रदर्शन भारत की माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण,गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल,अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर सुश्री अंजू मोदी, सुश्री रितु बेरी और सुश्री पायल जैन के सम्मानित उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया |













# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

“लुक बुक” एक सीमित संस्करण वाली पुस्तक है जो भारतीय शिल्प के साथ गुजरात क्षेत्र के तकनीकों,प्रक्रियाओं आदि पर ध्यान केंद्रित करता है इसको G20 इवेंट के तहत रैंप पर डिज़ाइन कलेक्शन शो के लिए अपनाया गया है इसका अनावरण निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रोफेसर डॉ. समीर सूद की सम्मानित उपस्थिति में माननीय वित्त मंत्री श्री निर्मला सीतारमण, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल और भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास द्वारा किया गया था । यह पुस्तक भारत के शिल्प, कपड़े, नमूनों, शिल्प पर लेखों का भी मिश्रण था तथा प्रदर्शित किए गए संयोजनों की विस्तृत जानकारी के लिए एक क्यूआर कोड भी दिया गया था । लुक बुक के पन्नों में क्यूआर कोड के साथ भारत के शिल्प पर लेख शामिल हैं जो निफ्ट गांधीनगर माइक्रो-वेबसाइट पर देखा जा सकता है |











# निफ्ट और ईडीआईआई के बीच सहकार्यता

निफ्ट गांधीनगर और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) गांधीनगर के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए एक औपचारिक सहकार्यता ज्ञापन किए गए हैं,इसके अंतर्गत विभिन्न बिन्दुयों को ध्यान में रखा गया है जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए संकाय साझाकरण, बुनियादी ढांचे को साझा करना जैसे - प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, ऊष्मायन केंद्र ,छात्रों के लिए शैक्षणिक/अनुसंधान गतिविधिया, कारीगरों और एमएसएमई में बेहतर योगदान देने व सीखने के लिए छात्रों का सामूहिक क्षेत्र भ्रमणं, संकाय सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, संस्था के छात्रों को स्टार्ट-अप गतिविधि के लिए प्रोत्साहित करना, शिक्षाविदों, छात्रों और उच्च शिक्षा केंद्रों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना, एवं फैशन उद्यमिता और अन्य संबंधित क्षेत्रों पर संयुक्त रूप से पाठ्यक्रम पेश करने के लिए एक साथ आगे आना और संबंधित विशेषज्ञता साझा करने इत्यादि..जैसे विषयों पे सहमती हुई।










# केंद्र शासित प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

केंद्र शासित प्रदेश दादर व नगर हवेली और दमन व दीव के प्रतिनिधियों ने दिनांक 25 जुलाई 2023 को निफ्ट गांधीनगर परिसर का दौरा किया, गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. अरुण टी,आईएएस (एजीएमयूटी 2013) सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, दादर व नगर हवेली और दमन और दीव, श्री सौरभ मिश्रा, आईएएस (एजीएमयूटी 2015) - कलेक्टर दमन, श्री शिवम तेवतिया, दानिक्स 2012 - निदेशक-सह-उप सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), दादर नगर हवेली और दमन व दीव। गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्य भवन के प्रवेश द्वार के सामने के हिस्से और मौजूदा बुनियादी ढांचे और कक्षा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए परिसर का दौरा किया ताकि दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेशों में आगामी राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों (एनआईएफटी सहित) में समान सुविधाएं प्रदान की जा सकें।








# उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम)-2023





निफ्ट गांधीनगर कैंपस में फ्रेशर बैच 2023 के स्वागत के लिए दिनांक-26 से 28 जुलाई 2023 तक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन 26 जुलाई 2023 को मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध डिजाइनर श्री सुकेत धीर की सम्मानित उपस्थिति में आयोजित किया गया था । श्री सुकेत निफ्ट दिल्ली से फैशन डिज़ाइन में स्नातक हैं श्री सुकेत धीर इंडो-सेंट्रिक इको-चिक के प्रमुख हैं । समकालीन पुरुष परिधान ब्रांड जो क्लासिक सिल्हूट में कारीगर तकनीकों और शानदार कपड़ों का संयोजन करता है।श्री सुकेत धीर ने नवप्रवेशित छात्रों के साथ विविध डिजाइन के परिप्रेक्ष्य और फैशन उद्योग में उनकी यात्रा के सम्बन्ध में एक संवादात्मक सत्र लिया |









# उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम)-2023





तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया जैसे- उद्घाटन समारोह,विद्यार्थियों को प्रेरित करना, छात्र पंजीकरण,क्राफ्ट क्लस्टर,उद्योग लिंकेज आदि उनके शैक्षणिक जीवन के अलावा छात्र विकास गतिविधियाँ, राष्ट्रिय व अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध और विदेशो में अध्ययन के अवसर,निफ्ट के पूर्व छात्रों व प्रख्यात उद्योग विशेषज्ञों आदि के साथ बातचीत,लैंगिक समानता व कार्यस्थल सुरक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं,शैक्षिक ऋण,छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए छात्रों को दिशानिर्देश,पोर्ट्रेट निर्माण और भित्तिचित्र,विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शहर भ्रमण आदि |








# हिंदी कार्यशाला का आयोजन






राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने व हिंदी में  कार्यालयी कार्य को करने में आ रही बाधाओ को दूर करने के उददेश्य से निफ्ट गांधीनगर में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 19 जुलाई 2023 को  हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था इस आयोजन के मुख्य वक्ता बड़ौदा एपेक्स अकादमी गांधीनगर के वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा एवं सदस्य सचिव नराकास गांधीनगर के श्री सर्वेश कुमार तिवारी थे |







